Fifteenth Loksabha

Session : 2
Date : 20-07-2009

Participants : Dubey Shri Nishikant

>

Title : Need to declare ‘Shravani Mela’ of Bihar & Jharkhand as a national event.

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर से बिहार स्थित सुल्तानगंज तक आजकल श्रावणी मेला चल रहा है जो लगभग 105 किलोमीटर लम्बा है। इसकी व्यवस्था दो राज्य (बिहार और झारखण्ड) के 6 जिले अलग-अलग प्रकार से करते हैं। इस मेले में प्रत्येक व ान् लोग काँवड़ लेकर लगभग 105 किलोमीटर नंगे पैर पैदल चलते हैं उनको रास्ते में अनेक प्रकार की असुविधाओं का सामना पड़ता है क्योंकि काँवड़ पथ पर बिजली और चिकित्सा की उचित व्यवस्था नही है।

यह मेला 6 जिलों में अलग-अलग प्रकार से मनाया जाता है। इस कारण प्रशासन को कानून- व्यवस्था की अनेक समस्याओं से जुझना पड़ता है।

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि जिस तरह कुम्भ मेला राट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है उसी प्रकार श्रावणी मेले को राट्रीय मेला घोिित करके एक अलग प्राधिकरण बनाया जाए तो हर साल इस मेले की उचित तैयारी कर सके।